शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमुग्ध

जासं, सोनीपत : ऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल में हरियाणा स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में कलाकारों की शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कलाकार रजनीश मिश्रा और रितेश मिश्रा ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यार्थियों ने उनसे संगीत से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न रागों के विषय में भी समझाया। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत से तनाव कम किया जा सकता है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने संगीत की सुंदर प्रस्तुति की सराहना की। सिटी मजिस्ट्रेट

शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करते रजनीष मिश्रा व रितेष मिश्रा • जागरण

सुरेंद्र सिंह ने कहा कि शास्त्रीय संगीत सुनने से बहुत सुकून मिलता है। स्कूल के चेयरमैन एसके शर्मा ने बच्चों को शास्त्रीय संगीत का महत्व बताते हुए इसमें बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर निदेशक धीरज शर्मा, प्रधानाचार्य नरेशपाल, एचआर प्रबंधक अर्चना शर्मा मौजूद रही।